# संदर्शिका

# Sandarshika

## Newsletter

(Internal Quality Assurance Cell)

Session
July 2024 - June 2025




# दयानन्द वैदिक कॉलेज

उरई (जालौन) उ०प्र०

सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

www.dvcorai.ac.in  dvcoffice11@gmail.com  dvcoraiofficial  YouTube https://www.youtube.com/@dvcorai




# संदर्शिका
# SANDARSHIKA
## Newsletter
(Internal Quality Assurance Cell)

July 2024 - June 2025

IQAC NEWSLETTER

### अध्यक्ष की कमल से...



''संदर्शिका'' के सत्र 2024–25 के अंक को देखकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इसे देखकर सत्र 2024–25 में महाविद्यालय की गतिविधियों का विवरण प्राप्त हुआ, जो संतोषप्रद है। हमारा महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और सृजनशीलता का विकास करने के लिए प्रयत्नशील रहा है। इसी दिशा में न्यूज़ लेटर का प्रकाशन एक सराहनीय कदम है। यह पत्रिका सभी को नये विचारों, उपलब्धियों और प्रेरणादायी अनुभवों से जोड़ेगी। इस पहल के लिए पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं। IQAC व सम्पादकीय टीम को इस अंक के प्रकाशन हेतु शुभकामनाएं देता हूँ। महाविद्यालय के कर्मठ और ओजस्वी प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय की दूरदर्शिता व कर्मठता श्लाघनीय है। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी महाविद्यालय की प्रगति में अपना शत–प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। पुनः बधाई और शुभकामनाएँ।

**डॉ० दिलीप सेठ, अध्यक्ष, प्रबन्धकारिणी कमेटी, उरई**

### प्रबन्धकीय उद्‌बोधन



मैं ''संदर्शिका'' के सत्र 2024–25 के अंक हेतु IQAC की संयोजिका प्रो0 अलकारानी पुरवार व सम्पादकीय टीम को शुभकामनाएं देता हूँ। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी के कुशल नेतृत्व में दयानन्द वैदिक कॉलेज छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अग्रसर है। छात्र–छात्राओं के लिए वाचनालय, रिसर्च रूम, डेलनेट तथा लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या में वृद्धि करने जैसे प्रशंसनीय कार्य इस सत्र में सम्पन्न हुए है। ''संदर्शिका'' महाविद्यालय की सत्रीय उपलब्धियों का दर्पण है। इसके कुशल संयोजन हेतु मैं बधाई प्रेषित करता हूँ। महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनन्त शुभकामनाएँ।

**डॉ० देवेन्द्र कुमार, मंत्री, प्रबन्धकारिणी कमेटी, उरई**

### शुभकामना संदेश



मैं ''संदर्शिका'' के सत्र 2024–25 के अंक के प्रकाशन हेतु आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। न्यूज लेटर का कुशलतापूर्व संयोजन किया गया है। न्यूज़ लेटर के नवीनतम संस्करण के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ! यह पत्रिका ज्ञान, नवाचार और महाविद्यालय की उपलब्धियों की एक खिड़की बने। आशा है कि यह सभी पाठकों को प्रेरित करेगी और हमारे शैक्षणिक समुदाय को और अधिक मजबूत बनाएगी। उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई! मैं समस्त IQAC टीम को NAAC के लिए शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि हमारे समवेत प्रयास से दयानन्द वैदिक कॉलेज NAAC निरीक्षण में उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त करे। संसाधन सीमित है और समय अत्यधिक कम, इस कारण महाविद्यालय परिवार को अपने पूर्ण समर्पण के साथ NAAC निरीक्षण में सहभाग करना होगा। इसी आशा के साथ मैं पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित करता हूँ।

**प्रो0 (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य, दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई**

### From the IQAC Convener's Pen



Dear Colleagues,

I am pleased to share the latest issue of our IQAC Newsletter ' Sandarshika' which highlights aur Institution's ongoing efforts to enhance quality and excellence in education.

As we continue to strive for academic excellence, IQAC remains committed to fostering a culture of quality and innovation. In this issue of 'Sandarshika', we feature updates on our recent quality enhancement initiatives.

I would like to express my heartfelt gratitude to all stakeholders for their valuable contribution. Your feedback and suggestions are always welcome.

**Prof. Alka Rani Purwar,** Convener, IQAC

### सम्पादकीय



गत सत्रों की भांति महाविद्यालय का न्यूज़ लेटर ''संदर्शिका'' हमारे कॉलेज के सभी विभागों की विविध उपलब्धियों, गतिविधियों और योगदान का संकलन है। न्यूज लेटर केवल समाचारों का संग्रह नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का दर्पण है। इस पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय परिवारं के सभी सदस्य नए विचार और नयी प्रेरणा ग्रहण करेंगें। प्रत्येक गतिविधि, उपलब्धि और पहल हमारे संस्थान की सुंदरता और सार को बढ़ाती है, एक एकीकृत और प्रेरक कथा का निर्माण करती है। पिछले वर्ष के दौरान, हमारे संकाय सदस्यों ने खुद को विशेषज्ञ व्यक्तियों के रूप में प्रतिष्ठित किया है, प्रभावशाली अतिथि व्याख्यान दिए हैं और उत्कृष्टता के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करते हुए प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए हैं। हमारे छात्रों ने भी विश्वविद्यालय पदक हासिल करके एवं शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेलों में सफलता हासिल करके हमारे कॉलेज को गौरवान्वित किया है। आइए हम अपने संस्थान की उच्चता और सफलता में योगदान करते हुए उत्कृष्टता और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए पुनः एक बार फिर संकल्पित हो अपना काम करना जारी रखें।

**डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी, सम्पादक, संदर्शिका (न्यूज लेटर)**

# Best Practices

**Uniform for Students**

1. **Objectives of the Practice:**
- To create the feeling of oneness and belongingness among the students.
- To promote discipline, unity, inclusion and equality among students.
- To dissipate the socio-economic inequities/disparities among the students

2. **The Context :** This practice of implementing a dress code was introduced with an aim to reduce social conflict and peer pressure that may be associated with physical appearance and fashion trends. By adhering to a dress code, students also develop their personality to suit the corporate world.
   In addition, implementation of uniform helps the College to identify unauthorized students/individuals.
3. **The Practice :** The college has made it compulsory for all the students to wear uniform along with their ID card. While admitting the students in the college, the admission committee informs the students about the dress-code of the college. For female students, the kurta is of beige color and the salwar and dupatta are of grey color. For male students, the shirt is of beige color and the pant is of grey color. For winters, the sweater/blazer is of maroon color for all the students.
4. **Evidence of Success :** The students have reported a sense of belongingness. This practice has also reduced the number of unauthorized entries in the College premises.
5. **Problems Encountered and Resources Required**
   Initially, the College authorities faced serious dilemma of whether to impose dress code on students, but it was later implemented to maintain a safe and healthy learning environment.
   Although, some students expressed concern and shared that wearing the same uniform over an extended period is monotonous, the majority has appreciated it and gave favourable feedback.

**Pollution-Free Day: Practice of Sustainable Transportation**

1. **Objectives of the Practice**
- To encourage the practice of sustainable transportation among teaching staff, non-teaching staff and students.
- To reduce air pollution, the incidence of cardiovascular and respiratory diseases and improve air quality index.

2. **The Context :** As an educational institution, we recognize our role in shaping responsible citizens. In alignment with the United Nation' (UN) 17 Sustainable Goals, Pollution-Free Day is an initiative by the College to promote a culture of environmental stewardship among the students. Observing a Pollution-Free Day aligns with our commitment to sustainability and environmental ethics.
3. **The Practice**
- Declared first Thursday of every month as "Pollution-Free Day."
- The College staff and students are encouraged to either use public transport, battery-powered vehicle, bicycle or come on foot.

4. **Evidence of Success**
- Positive feedback from teaching staff, non-teaching staff and students.
- Enhanced environmental consciousness among students.

5. **Problems Encountered and Resources Required**
- There was an initial resistance among teaching staff, non-teaching staff and students towards vehicle restrictions, but gradually they became accustomed to this practice.

## Value Added Certificate Course

महाविद्यालय में value added certificate course 2024–25 छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रमाण पाठ्यक्रम संचालित किया गया जो कि छात्रों के लिए पूर्ण रूप से निःशुल्क संचालित था। इस पाठ्यक्रम में 19 विभागों द्वारा 15 पाठ्यक्रम संचालित है जिसमें महाविद्यालय के गतिमान सत्रों के विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं और परीक्षा के उपरान्त प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं। वर्तमान सत्र में विभिन्न प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में 234 विद्यार्थियों ने प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में यह प्रमाण पत्र प्राप्त किए।



# New Memorandum of Understandings

**New MOUs in Session 2024-25     Total MOUs upto June 2025-16**








1.
- **MOU by Department of Zoology and Matsya Beej Utpadan Kendra, Konch (Jalaun)** on 17.06.25 for 5 academic years : This MOU aims at promoting academics, technical and field-based cooperation in the area of fisheries and aquiculture and to build capacity in fisheries education empower youth with employable skills and contribute to the socio-economic development of the Bundelkhand region.
- **Dayanand Vedic College, Orai and Bundelkhand University Jhansi** on 22.11.24 for 3 academic years : The MOU aims to expand the opportunities in the research, especially translation research and Industrial collaboration, besides the development of human resources to face the future challenges and the cooperative relationships between the two Institutions. It also includes the exchange of ideas on research publications, academic programs and research projects and the promotions of technology, incubation and start-ups.
- **ISKCON (International Society for Krishna Consciousness) and Dayanand Vedic College, Orai** on 5.12.24 for 5 years : This MOU aims to promote special education through timeless Values and Wisdom to enhance personality and attitudes among students undergoing education in the college to help them develop a healthy mindset and balanced lifestyle which is much needed by the modern youth of today.
- **Dayanand Vedic College, Orai and Urvashi Synthetic Processors Pvt. Ltd., Orai (A textile Exporter in U.P.)** on 03.03.25 for 5 academic years : The purpose of this MOU is to develop and carry out collaborative activities in furtherance of the common interest of the Institution and the Industry. Such interaction may include cooperation in a variety of joint academic, educational and industrial activities.
- **Dayanand vedic college, Orai and Parmarth Samaj Sevi Sansthan, Orai** on 3.3.25 for 5 academic years : The purpose of this MoU is to lead and implement community projects focussed on water crisis mitigation and sustainable development & skill development.

**2. Feedback Mechanism**

The Institution has implemented a well-structured feedback mechanism where in we collect feedback from faculty members and students. Further the feedback is analyzed and subsequently action taken repot is prepared by the respective committee of the Institution.

## Life Membership/Membership in Academic/ Non-academic Bodies

**Prof. Rajesh Chandra Pandey** (Deptt. of Hindi):-

- Vice President, Vishwa Hindi Manch, Bharat
- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad
- Editor-Shodh-Dhara, Orai

**Prof. Ramkishor Gupta** (Deptt. of Botany):-

- Life member, Indian Science Congress Association, Kolkata.
- Life Member, Association of Microbiologists of India, New Delhi.
- Life Member, Range Management Society of India, IGFRI, Jhansi (U.P.)
- Member, Executive Council of Bundelkhand University, Jhansi
- Life member - Journal, Everyman's Science

**Prof. Alka Rani Purwar** (Deptt. of English):-

- Life Member, The Association for English Studies of India (AESI)
- Member, Board of Studies (English), Bundelkhand University, Jhansi.

**Prof. S. S. Chauhan** (Deptt. of Maths):-

- Member, Board of Studies (Maths), Bundelkhand University, Jhansi
- Joint Secretary of The Vijnana Parishad of India, Orai
- Life Member of Vijnana Parishad of India , Orai (U.P.)
- Life Member of National Academy of Mathematics, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

**Dr. Vijay Kumar Chaudhary** (Deptt. of Chemistry):-

- Life Member, Indian Chemical Society, Kolkata
- Life Member, Society for Technologically Advanced Materials, Nagpur

**Dr. Rajesh Paliwal** (Deptt. of Teacher Education):-

- Shiksha Samman, B.U., Jhansi, Government of Uttar Pradesh
- Jalaun Nakshatra, District Magistrate, Jalaun
- Member, B. Ed., M.Ed., Board of Studies, Bundelkhand UIniversity, Jhansi.

**Dr. Rajan Bhatia** (Deptt. of Physical Education):-

- Technical Chairmen, UP Athletics Association.
- Secretary Jalaun District Athletics Association.

**Dr. Atul Prakash Budholia** (Deptt. of English):-

- Life Member of Shodh-Dhara Orai (Jalaun)

**Dr. Shravan Kumar Tripathi**
( Dept. of Defence & Strategic Studies)

- Life Member of National Congress for Defence Studies, Prayagraj
- Journal 'Doctrine', Member of Editorial Board, Kanpur
- Life Member of Shodh-Dhara Orai (Jalaun)

**Dr. Gaurav Yadav** (Deptt. of Geography)

- Life Member of NAGI (National Association of Geographers, India)

**Dr. Namo Narayan** (Deptt. of Political Science)

- Life Member of Coomaraswamy Foundation, Lucknow
- Life Member of Indian Political Science Association (IPSA)
- Punaruthan Vidyapeeth, Ahmedabad (Gujrat)

**Dr. Niti Kuswaha** (Deptt. of Botany)

- Life member of Indian Society of Genetics and Plant Breeding
- Life member of Range Management Society of India

**Dr. Neeraj Kumar Dwivedi** (Deptt. of Hindi):-

- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad, Prayagraj
- Life Member, Bharat Scout & Guide, Uttar Pradesh
- Life Member of Shodh-Dhara Orai (Jalaun)

**Ashutosh Gupta** (Deptt. of Zoology):-

- Life Member (LM1755), Biotech Research Society (BRSI), India
- Life Member (3326), Society of Biological Chemists (SBC), Bangalore
- Life Member (L25603), Indian Science Congress Association (ISCA), Kolkata, India
- Life Member (LM/253/14), Association of Carbohydrate Chemist India (ACCTI), India

**Dr. Harsh Kumar Garg** (Deptt. of Chemistry):-

- Life Member of society of technologically advanced material, India, Nagpur
- Life Member of Indian chemical society, Kolkata

**Dr. Ravi Prakash Pandey** (Deptt. of Hindi):-

- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad, Prayagraj

**Dr. Praveen Singh** (Deptt. of Chemistry):-

- Life Member of the Indian Society of Analytical Scientists

## Life membership/membership in academic/ non-academic bodies

| Faculty Name | Department | Journal Paper | Edited Books/ Chapter | Orientation/FIP/Referesher/ Workshop/STP/FDP/ Seminar |
|---|---|---|---|---|
| Prof. (Dr.) Rajesh C. Pandey | Hindi | 1 | | |
| Dr. Neeraj Kumar Dwivedi | | 2 | 1 | 2 |
| Dr. Ravi Prakash Pandey | | | | 1 |
| Prof. Alka Rani Purwar | English | 1 | | 1 |
| Dr. A.P. Budhauliya | | | | 2 |
| Dr. Sheelu Sengar | | | 1 | 3 |
| Dr. Neeta Gupta | | | | 3 |
| Dr. Surendra Mohan Yadav | | 2 | | 5 |
| Dr. Varsha Rahul | Economics | | | 1 |
| Dr. Kripa Shankar Yadav | | | | 5 |
| Dr. Pankaj Singh | History | 1 | | 6 |
| Dr. Namo Narayan | Political Science | 3 | 1 | 4 |
| Dr. Nagma Khanam | | 1 | 1 | 2 |
| Dr. Sarvesh Kumar Shandilya | Sanskrit | 1 | 1 | 9 |
| DR. Gaurav Yadav | Geography | 1 | | 6 |
| Dr. Vijay Vardhan | | 1 | | 1 |
| Sweta Yadav | | 1 | | 1 |
| Dr. Malikhan Singh | | 1 | | |
| Mr. Shri Prakash Pandey | Music | | | 2 |
| Dr. Shravan Kumar Tripathi | Defence | 1 | | 5 |
| Mr. Nilesh K. Verma | | | | 1 |
| Dr. Rajesh Paliwal | B.Ed. | 1 | | 2 |
| Prof. Shailja Gupta | | 1 | | 1 |
| Dr. Jeetendra Pratap | | 2 | | |
| Dr. Bijendra Kumar | | | | 1 |
| Dr. Alok Kumar Pathak | Zoology | 1 | | 1 |
| Dr. Rashmi Singh | | | | 2 |
| Mr. Ashutosh Gupta | | 1 | | 2 |
| Prof. S.S. Chauhan | Math | 2 | 2 | |
| Prof. R.K. Gupta | Botany | 1 | | |
| Dr. Neeti Kushwaha | | 1 | 2 | 3 |
| Dr. Neel Ratan | | 1 | 1 | |
| Dr. Rajan Bhatia | Phy.Edu. | 1 | | |
| Dr. Vijay Kumar Chaudhary | Chemistry | 1 | | |
| Dr. Harsh Kumar Garg | | 2 | | 2 |
| Dr. Sharat Srivastava | | 1 | | 2 |
| Shiv Rag Mishra | | 6 | | |
| Dr. Praveen Singh | | | | 3 |
| Dr. Madhuri Rawat | Psychology | 1 | | |
| Shubh Priya Pal | | 1 | 1 | 1 |
| Dr. Angad Singh Kushwaha | Physics | 1 | | 1 |

# शिक्षक-शिक्षा विभाग (बी.एड.)




दिनांक 24.10.2024 को दयानन्द वैदिक कालेज, उरई के बगिया परिसर में सेमिनार हॉल में बी0एड0 सत्र 2024–25 के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम (orientation program) का तीन दिवसीय आयोजन हुआ।

आई.क्यू.ए.सी., शिक्षक–शिक्षा विभाग एवं हार्टफुलनेस, ध्यानकेन्द्र–उरई द्वारा योगः कर्मसु कौशलम् विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला 10 से 12 दिसम्बर 2024 में आयोजित की गयी। प्रथम दिन माँ सरस्वती के पूजन व अर्चन से कार्यक्रम प्रारम्भ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 राजेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में युवावर्ग प्रगति की ओर अग्रसर तो है परन्तु अपने अर्न्तमन सहजता व धैर्यशीलता को खोता जा रहा है परिणाम स्वरूप समाज में विसंगतिया फैल रही है अतः मन को स्थिर करने के लिये ध्यान आवश्यक पद्धति है।

बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र की इन्टर्नशिप दिनांक 16 दिसम्बर से प्रारम्भ हुई। छात्राओं हेतु केन्द्र–आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, उरई एवं छात्रों हेतु केन्द्र गांधी इण्टर कालेज, उरई आवंटित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2025 को मध्यान्ह 12 बजे सेमिनार हॉल में किया गया जिसमें विज्ञान के महत्व एवं उपयोगिता को बताया गया।



बी0एड0 के वार्षिक छात्र निर्वाचन दिनांक 5 मार्च 2025 को आयोजित किया गया जिसमें बी.एड0 द्वितीय वर्ष के छात्र अमन को अध्यक्ष, योगेश पांचाल उपाध्यक्ष चयनित किये गये।

बी0एड0 सत्र 2024–25 के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण गतिविधि हेतु विभाग के सभी प्राध्यापक दिनांक 26 मार्च 2025 को लहरियापुरवा, जालौन रोड, उरई स्थित अन्ध विद्यालय गये, जहां पर उन्होंने दृष्टिबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया।

दिनांक 03 अप्रैल 2025 को शिक्षक –शिक्षा विभाग द्वारा बी0एड0 सत्र 2024–25 का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग उत्सव का आयोजन बगिया परिसर स्थित सेमिनार हॉल में किया गया।



पी0पी0टी0 प्रस्तुतिकरण दिनांक 7 से 8 अप्रैल में हुआ। जिसमें सभी छात्र–छात्राओं ने भिन्न भिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर अपनी बनायी हुई पी0पी0टी0 को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया।

शिक्षक–शिक्षा विभाग, दयानन्द वैदिक कालेज, उरई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिंडारी, जालौन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय क्रियात्मक शोध कार्यशाला का आयोजन दिनांक 27 मई 2025 को महाविद्यालय के बगिया परिसर स्थित सेमिनार हॉल में किया गया।



संविधान ज्ञान प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में राजनीति विज्ञान परिषद की आयोजन समिति एंव कार्यकारिणी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस श्रृंखला का अगला कार्यक्रम ''प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरा'' विषय पर एक संगोष्ठी की गई, इस गोष्ठी का उद्देश्य छात्रा–छात्राओं को प्लास्टिक से होने वाले खतरे के बारे में जागरुक करना तथा पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना था।

## हिन्दी विभाग




दिनांक 2 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय की आई. क्यू. ए. सी. के अंतर्गत हिंदी विभाग, अंग्रेजी विभाग और शिक्षक –शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया. इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा और साहित्य विषय पर व्याख्यान दिया. प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने अपने वक्तव्य के अंतर्गत संस्कृत व अन्य भारतीय भाषाओं की सुदीर्घ साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डाला और संस्कृत को समस्त भारतीय भाषाओं की जननी बताया।




इसी क्रम में हिंदी साहित्य परिषद् के अंतर्गत हिंदी व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 19.12.2024 को गोवा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार द्वारा गोवा को पुर्तगालियों के नियंत्रण से मुक्त कराने के प्रयासों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया. दिनांक 10 जनवरी 2025 को हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को हिंदी के वैश्विक परिदृश्य से परिचित कराते हुए उन्हें हिंदी भाषा में रोजगार तलाशने हेतु प्रेरित किया गया. दिनांक 20 फरवरी 2025 को हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रवि प्रकाश पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं के समक्ष 'रामधारी सिंह दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना' विषय पर एक व्याख्यान दिया।





## इतिहास विभाग

दिनांक 04 फरवरी 2025 को इतिहास परिषद के तत्वाधान में "चौरी चौरा कांड : स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक मोड़" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



दिनांक 06 फरवरी 2025 को इतिहास परिषद के तत्वाधान में एक "कार्यशाला : शोध परियोजना कैसे तैयार करें" का आयोजन किया गया।

दिनांक 13 फरवरी 2025 को "भारत कोकिला सरोजिनी नायडू जयंती : स्वतंत्रता काव्य एवं सशक्तिकरण का उत्सव" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दिनांक 22 फरवरी 2025 को इतिहास परिषद के तत्वाधान में "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : इतिहास के परिप्रेक्ष्य में" एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान– मुस्कान रत्नाकर (एम.ए . द्वितीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान– पलक शुक्ला (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान– निकिता (बी.ए षष्ठम् सेमेस्टर) ने स्थान प्राप्त किए। विजेता छात्र– छात्राओं को इतिहास परिषद की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



दिनांक 20 अप्रैल 2025 को इतिहास परिषद के तत्वाधान में एक ऑनलाइन व्याख्यान जिसका विषय "स्वतंत्रता संघर्ष में क्रांतिकारी आंदोलन की भूमिका HRA और HSRA के विशेष संदर्भ में" का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ अजीत कुमार मिश्र (डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज जौनपुर) थे।

## अर्थशास्त्र विभाग




दिनाँक 07.12.2024 को समय 12:00 बजे कक्ष संख्या 09 पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 निशी मिश्रा प0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नसतोकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ–226017 को सादर आमंत्रित किया गया। ऑनलाइन इस व्याख्यान में तुलनात्मक लागत सिद्वान्त को विश्लेषित किया गया। इस व्याख्यान के पश्चात् परिचर्चा से प्रभावित डॉ0 निशी ने तीन विद्यार्थियों को पेन प्रदान कर सम्मानित किया जिनके नाम–कुँअर सिंह, अशिंका शर्मा, अमन कुशवाहा है।

दिनाँक 09.12.2024 को समय 1:00 बजे कक्ष संख्या 10 पर अर्थशास्त्र परिषद के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अर्थशास्त्र सम्बन्धित 100 प्रश्न पुछे गये तथा इसके 100 अंक भी निर्धारित किये गये ताकि विद्यार्थियों के ज्ञान का परिक्षण भलीप्रकार से किया जा सकें।

## जन्तु विज्ञान विभाग

जन्तु विज्ञान विभाग में 29 जुलाई को अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियो एवं विभाग के शिक्षकों ने बाघ की कम होती संख्या के कारणों व बाघ संरक्षण पर अपने विचारों को व्यक्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस सेमिनार में विद्यार्थियों ने बाघ संरक्षण पर स्लोगन लेखन भी किया। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

02/12/2024 को महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा ''एड्स दिवस–रोकथाम एवं जागरुकता'' पर एक सेमिनार तथा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह सेमिनार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राजेश चन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता व आई.क्यू.ए.सी. संयोजिका प्रो० अलका रानी पुरवार (अंग्रेजी विभाग प्रभारी) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। एड्स दिवस सेमिनार की मुख्य वक्ता प्रो० (डॉ०) कुसुम सिंह, जन्तु विज्ञान विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स रोग होने पर व्यक्ति छिपाये नहीं बल्कि खुलकर बात करें, जिससे समय रहते उसका समुचित उपचार हो सके। मुख्यवक्ता ने विभाग में आयोजित एड्स पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन व आंकलन भी किया, जिसमें डॉ0 नीति कुशवाहा (वनस्पति विज्ञान विभाग) व डॉ० रश्मि सिंह (जन्तु विज्ञान विभाग) ने आपका सहयोग किया।

महाविधालय की आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में 20/03/2025 को अन्तर्राष्ट्रीय गौरैय्या दिवस पर स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों द्वारा विभागीय स्तर पर एक सेमिनार आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों व जन्तु विज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापकों ने गौरैय्या प्रजाति के संरक्षण पर अपने विचारों को व्यक्त किया।



एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके लिए सभी विद्यार्थी दिनांक 25.03.2025 को भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झाँसी शैक्षिक भ्रमण के लिए गये। यहाँ पर प्राणिविज्ञान के विद्यार्थियों ने जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, पॉलीमरेज श्रृंखला अभिक्रिया, अपकेन्द्रित उपकरण, माइक्रोंटॉम और विभिन्न प्रकार के माइक्रोस्कोप के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## समाजशास्त्र विभाग



दिनांक 20.12.2024 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 'आधुनिक युग में निराशा' विषय पर छात्र–छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये।



दिनांक 22.05.2025 को समाजशास्त्र परिषद द्वारा एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर "ग्रामीण समाज मे स्वास्थ्य के प्रति अज्ञानता" विषय पर निबंध लिखकर सहभागिता की।

# भूगोल विभाग

भूगोल विभाग में दिनांक 16/08/2024 को भूगोल विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग तथा रक्षा अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत 'वैश्विक दक्षिण के लिये भारत का भू–राजनैतिक एवं भू–रणनीति महत्व" विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ प्रो. शांतेष कुमार सिंह, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति रही। दिनांक 08.02.2025 को भूगोल विभाग के द्वारा "भूगोल विषय में भ्रमण (टूर)/सर्वे कैम्प की उपयोगिता" विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. गौरव यादव ने छात्र/छात्राओं से भौगोलिक भ्रमण (टूर)/सर्वे कैम्प के सैद्धांतिक पक्षों, क्षेत्रीय विशेषताओं तथा उनकी मानव जीवन में उपयोगिता आदि पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।




दिनांक 07.03.2025 को भूगोल विभाग में भूगोल परिषद के द्वारा 'दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत' महाअभियान के अंतर्गत "पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय" विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



दिनांक 09.11.2024 से 13.11.2024 तक बी.ए. तृतीय वर्ष के भूगोल विषय के विद्यार्थियों का अनिवार्य शैक्षणिक भ्रमण खजुराहो, मैहर देवी मंदिर, रीवा, सतना, चित्रकूट (म.प्र.) के समीपवर्ती क्षेत्रों में कराया गया।

दिनांक 31.03.2025 से 08.04.2025 तक एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर का अनिवार्य शैक्षणिक भ्रमण/सर्वे कैंप उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार, देहरादून, देवप्रयाग, चम्बा, टेहरी तथा मसूरी आदि स्थानों में आयोजित कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने क्षेत्र विशेष की भू–आकृति, शिवालिक श्रेणियां, दून घाटी, पर्वतीय जलवायु, वनस्पतियां, कृषि पद्धति तथा अधिवासों का प्रतिरूप इत्यादि का अवलोकन एवं अध्ययन किया गया।




दिनांक 24.05.2025 से 28.05.2025 तक एम.ए.द्वितीय सेमेस्टर का अनिवार्य शैक्षणिक भ्रमण (टूर) उत्तराखंड राज्य के नैनीताल एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में आयोजित कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने क्षेत्र विशेष की जलवायु, अपरदनात्मक एवं निक्षेपणात्मक स्थलाकृतियों, सीढ़ीदार कृषि, अधिवासों इत्यादि का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया।

# संस्कृत विभाग

दिनांक 22 नवम्बर 2024 को संस्कृत साहित्य परिषद् 2024–25 का गठन किया गया। संस्कृत साहित्य परिषद् का गठन लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के द्वारा सम्पन्न कराया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हो या विभाग द्वारा आयोजित होने वाले "संस्कृत सप्ताह", वाल्मीकि जयन्ती, गीता जयन्ती आदि कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग के विद्यार्थी पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं।



संस्कृत भारती कानपुर प्रान्त एवं जनपद कार्यकारिणी के तत्वावधान में संस्कृत विभाग के द्वारा गीता के 12वें अध्याय का सस्वर सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के छात्र–छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभाग किया।

छात्रा "कृतिका गोस्वामी" ने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 में संस्कृत साहित्य की संस्कृत गीत प्रतियोगिता (युवा वर्ग) में झांसी मंडल में द्वितीय स्थान एवं लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर 8000 रुपए की पुरस्कार राशि, शील्ड तथा प्रमाणपत्र प्राप्त किया।



छात्रा प्राजंलि सिंह ने चातुर्वेद संस्कृत प्रचार–संस्थानम् काशी उ.प्र. के द्वारा आयोजित भारतीय वैभव ज्ञान परीक्षा 2024 (संस्कृत सामान्यज्ञान प्रतियोगिता, स्नातक–वर्ग) में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया और प्रमाणपत्र, शील्ड एवं पुरस्कार राशि प्राप्त की। छात्रा की उपलब्धि ने संस्कृत विभाग एवं डीवी कॉलेज को गौरवान्वित करने का कार्य किया किया।

छात्रा प्राजंलि सिंह ने इसके साथ ही शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज में आयोजित ज्ञान महाकुम्भ 2081 में संस्कृत गीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर संस्था के गौरव को बढ़ाया।

# गणित विभाग

5 सितम्बर 2024 को विभाग में शिक्षक दिवस पर एक गोष्ठी की गयी है। इस कार्यक्रम में प्रो0 सुरेन्द्र सिंह चौहान, प्रभारी–गणित विभाग ने संसार सागर में गुरु के महत्व को बताया। डॉ0 हरीश श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रो0 गणित विभाग ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं शिक्षक दिवस पर अपने विचार प्रकट किये।

26 सितम्बर 2024 को विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का कार्यक्रम सेमिनार हाल, बगिया परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 हरीश श्रीवास्तव ने किया। प्रो0 सुरेन्द्र सिंह चौहान ने मंच पर विराजमान अतिथियों का परिचय कराया एवं स्वागत किया। प्रो0 चौहान ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा क्षेत्र, विज्ञान क्षेत्र, संगीत एवं दैनिक जीवन में गणितशास्त्र के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डा0) राजेश चन्द्र पाण्डेय ने गणितशास्त्र एवं ज्योतिषशास्त्र के समन्वय पर प्रकाश डाला। वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी–प्रो0 रामकिशोर गुप्ता ने गणितशास्त्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। IQAC उपप्रभारी, डॉ0 विजय कुमार चौधरी, प्रभारी–रसायन विज्ञान विभाग ने गणितशास्त्र का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान पर अपने विचार प्रकट किये। विज्ञान परिषद् ऑफ इण्डिया की कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य प्रो0 हेमन्त कुमार, गणित विभाग, डी0ए0वी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय कानपुर मुख्य वक्ता के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रो0 हेमन्त कुमार ने "Application of Integral Equation in Different Areas". पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो0 कुमार ने इंटिग्रल इक्वेषन का गणित की विभिन्न शाखाओं में अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला एवं इनके द्वारा मूलभूत समस्याओं को गणितीय ढंग से निदान करने की विधाओं से परिचय कराया।




दिनांक 28.02.2025 को सेमीनार हाल, बगिया परिसर में गणित विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं बी0एड0 विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# वनस्पति विज्ञान विभाग

सेमिनार हॉल में दिनांक 30.11.2024 को आयोजित इस सेमिनार में विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ० यू एन सिंह जी ने पीपीटी के माध्यम से Importance of plants for the survival of human being पर विद्वतापूर्ण एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। सेमिनार की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० माधुरी रावत ने की। आगंतुकों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन विभाग प्रभारी प्रोफेसर रामकिशोर गुप्ता ने किया एवं संचालन डॉ० नीति कुशवाहा ने किया। महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. के मार्गदर्शन में आयोजित इस सेमिनार को आइ.क्यू.ए.सी. चेयरपर्सन प्रोफेसर अलका रानी पुरवार ने संबोधित करते हुए आवाहन किया कि हम सभी पौधों को संरक्षण प्रदान करें जो कि हमारा पालन–पोषण करते रहते हैं। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० माधुरी रावत ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनता है और छात्र–छात्राओं का ज्ञानवर्धन होता है। मुख्य वक्ता डॉ० सिंह ने अपने व्याख्यान में पौधों के जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि पौधे न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलन करते हैं अपितु मानव अस्तित्व के लिए भी अपरिहार्य हैं। पौधे, मानव जीवन को भोजन, ऑक्सीजन, औषधि, ऊर्जा तथा गृह निर्माण संबंधी वस्तुयें प्रदान करते हैं। अंत में डॉ० नील रतन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।









राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दिनांक 28 फरवरी 2024 को एक संगोष्ठी का आयोजन सेमिनार हॉल में शिक्षक शिक्षा विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वालन द्वारा संगोष्ठी का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की इस वर्ष की थीम "विकसित भारत के लिए विज्ञान मैं वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" पर उद्बोधन देते हुए प्राचार्य जी ने छात्र–छात्राओं को आवाहन किया कि वे डॉ० सी०वी० रमन के द्वारा विज्ञान को दिए गए उनके योगदान से प्रेरणा लेकर विश्व में भारत का नेतृत्व स्थापित करें। डॉ० राजेश पालीवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अंदर जिज्ञासा, वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रयोगात्मक क्षमता को विकसित करें।

# रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग

सत्र 2024–25 में रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग, दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई द्वारा विषय सम्बन्धित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर वर्ष पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति की भावना, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता, सेना के प्रति समर्पण का संचार एवं छात्र–छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास करने का प्रयास किया गया। विभिन्न कार्यक्रम विभाग प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन, श्री निलेश कुमार वर्मा के संयोजन तथा डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्रयोगशाला सहायक श्री इन्द्र मोहन के सहयोग से संचालित हुये। इन कार्यक्रमों में विभाग के विद्यार्थियों के अतिरिक्त कॉलेज के छात्र–छात्राओं की भी सहभागिता रही है।

